**सुविचार**
समय के साथ हालात बदल जाते हैं, इसलिए बदलाव में स्वयं को बदल लेना बुद्धिमानी है।

सच कहने की ताकत
साप्ताहिक समाचार पत्र
# जालंधर ब्रीज


मास्क जरूरी, नहीं कोई मजबूरी

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-3 • 05 AUGUST TO 11 AUGUST 2021 • VOLUME-3 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : ankush@innovativetechin.com • hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

# हॉकी टीम सेमीफाइनल में हारी
## हार-जीत जिंदगी का हिस्सा : पीएम




• फोटो- हॉकी इंडिया

**नई दिल्ली.** भारतीय महिला हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनल में बुधवार को बढ़िया प्रदर्शन किया और अर्जेंटीना को कड़ी टक्कर दी। हालांकि अंत में टीम इंडिया को 1-2 से हार का मुंह देखना पड़ा। शिकस्त के बावजूद भारतीय टीम की हर जगह तारीफ हो रही है। मैच खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम की कप्तान रानी रामपाल से फोन पर बातचीत की व उनके खेल की तारीफ की। उन्होंने टीम के कोच शोर्ड मारिन से भी बात की और साथ ही कहा कि एक हार से निराश नहीं होना चाहिए।

फाइनल में अर्जेंटीना का सामना नीदरलैंड से होगा। इससे पहले भारतीय टीम ने तीन बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को क्वार्टर फाइनल में 1-0 से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। भारतीय टीम 1980 के मॉस्को ओलंपिक में छह टीमों में चौथे स्थान पर रही थी।

टीम को सेमीफाइनल में अर्जेंटीना के खिलाफ 1-2 से हार मिली हालांकि उसके पास अब भी पदक जीतने का मौका है। वह ब्रॉन्ज मेडल मैच में ग्रेट ब्रिटेन का सामना करेगी। एएनआई के मुताबिक, पीएम मोदी ने मैच के बाद रानी रामपाल से फोन पर बातचीत की। उन्होंने टीम के कोच शोर्ड मारिन से भी बात की। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में टीम के प्रदर्शन पर गर्व जताया और कहा कि महिला हॉकी टीम में शानदार खिलाड़ी हैं जो कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हार और जीत जिंदगी का हिस्सा हैं, इसलिए किसी भी कीमत पर हौसला मत छोड़ो। इस हार से उन्हें निराश बिल्कुल नहीं होना चाहिए। महिला हॉकी टीम की सेमीफाइनल में हार से कुछ भारतीय खेलप्रेमियों का दिल जरूर टूटा होगा लेकिन अभी मेडल जीतकर इतिहास रचने का मौका उसके पास है। भारत के पास अभी ब्रॉन्ज मेडल जीतने का मौका है जिसके लिए शुक्रवार को उसका सामना ग्रेट ब्रिटेन से होगा।

## आजादी दिवस की तैयारी



• जगमोहन सिंह डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर कमिश्नरेट जालंधर द्वारा आजादी दिवस के आगमन की तैयारी पर शहर में सभी नाकों की चेकिंग की गई और डिवीजन नंबर पांच के एरिया में नाके पर तैनात पुलिस मुलाजिमों को जरूरी हिदायतें दी गईं।

## संसद में सरकार चर्चा के लिए तैयार हर सवाल का देंगे जवाब : तोमर

**नई दिल्ली.** संसद में जारी गतिरोध के बीच नरेंद्र सिंह तोमर ने बड़ा बयान दिया है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एक बार फिर से कहा कि केंद्र सरकार हर विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार है। विपक्ष अपनी बात रखें। न्यूज़ एजेंसी एएनआई के मुताबिक नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि चाहे कृषि का विषय हो या कोविड का सभी पर सरकार चर्चा के लिए तैयार है। जो विषय उन्हें( विपक्ष) रखना है रखें। सरकार जवाब देगी। कृषि के मामले में सरकार पूरी तरह पारदर्शी है। हमने



कृषि कानून बनाते समय भी लोकसभा और राज्यसभा में 4 घंटे चर्चा की।

तोमर ने आगे कहा कि उनका दृष्टिकोण क्या है और वे किस दृष्टिकोण के आधार पर आगे बढ़ना चाहते हैं इस मामले में उनके अपने मन में स्पष्टता नहीं है। हम सदन में चर्चा के लिए तैयार हैं। आपको बता दें कि संसद में पेगासस जासूसी मामले कृषि कानून और कोरोना वायरस के मामले को लेकर विपक्ष हंगामा कर रहा है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार किसी मुद्दे पर चर्चा नहीं कर रही है। विपक्ष की मांग है कि सरकार पेगासस मुद्दे पर चर्चा करें और आरोपों का जवाब दें। आपको बता दें कि राहुल गांधी लगातार विपक्षी एकजुटता को मजबूत कर रहे हैं और सरकार पर दबाव बना रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने जेके ग्रुप को 17 एकड़ ज़मीन का आवंटन पत्र सौंपा

**चंडीगढ़.** राज्य में जेके ग्रुप द्वारा 150 करोड़ रुपए की लागत से पहला यूनिट स्थापित करने की योजना का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बुधवार को लुधियाना की हाईटेक वैली में 40 करोड़ की कीमत वाली 17 एकड़ ज़मीन का आवंटन पत्र सौंपा। ग्रुप द्वारा साइकिल वैली में कोरूगेटिड पैकेजिंग पेपर का उत्पादन यूनिट स्थापित किये जाने की योजना है। यह पंजाब में 15 दिनों के भीतर बड़ी स्तर की निवेश योजना वाला दूसरा बड़ा ग्रुप है।

## केंद्र सरकार ने सड़क हादसे में मौत पर मुआवजा बढ़ाया

**नई दिल्ली.** सड़क परिवहन मंत्रालय ने सड़क हादसे की चपेट में आए लोगों के लिए मुआवजा राशि को बढ़ा दिया है. इसके अलावा मुआवजा देने की डेडलाइन भी निर्धारित कर दी है, जिससे पीड़ित परिवार को जल्द मुआवजा दिया जा सके. इस आदेश केबाद सड़क हादसे में घायल व्यक्ति इलाज करा सकेगा और मृत्यु होने पर पीड़ित परिजनों को समय से मुआवजा दिया जा सकेगा। इस संबंध में सड़क परिवहन मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। सड़क परिवहन मंत्रालय ने हिट एंड रन मामले में मुआवजे की राशि बढ़ा दी है। अब गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 12500 से लेकर 50000 रुपए तक दिया जा सकता है। इसके अलावा हिट एंड रन से मृत्यु होने पर 25000 रुपए से 200000 लाख रुपए तक भुगतान किया जा सकता है। मंत्रालय ने इस संबंध में तीन अलग -अलग गजट जारी किए हैं।

# आगे दौड़, पीछे छोड़ वाली नीति अब नहीं चलेगी, जनता मांगती है जवाब

## पंजाब स्टेट ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड ने जालंधर ब्रीज की खबर का लिया कड़ा संज्ञान

• **जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्टर

जालंधर ब्रीज द्वारा पिछले लम्बे समय से नेशनल हाईवे नंबर 44 पर चली आ रही त्रुटियों संबंधी कई मुद्दे प्रमुखता से अपने समाचार पत्र में प्रकाशित किए थे जिस पर सालों बाद नेशनल हाईवे द्वारा ठेकेदार कंपनी को सस्पेंड करके अपने स्तर पर नए टेंडर लगाकर रख-रखाव और सड़कों की री-कारपेटिंग का काम किया जा रहा है।

पिछले कुछ समय से पीएपी फ्लाईओवर को चौड़ा करने का काम नेशनल हाईवे द्वारा फरीदाबाद की एक कंपनी को आवंटित किया गया है परन्तु काम को शुरू करने से पहले नेशनल हाईवे द्वारा पंजाब स्टेट ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को पत्र जारी करके मौके पर 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों को आगे करने के लिए अनुरोध किया गया था। जिसमें लाइनों को आगे करने के लिए जो भी खर्च आएगा उनके द्वारा दिया जाएगा।

जालंधर ब्रीज द्वारा इस बाबत जब पीएसटीसीएल के अधिकारियों से 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों को आगे करने बारे पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि साल 2017 में भी उनकी निगरानी में ही पहले इन ट्रांसमिशन लाइनों को आगे करवाया गया था और नेशनल हाईवे द्वारा 2,51,430 रूपए पीएसटीसीएल विभाग को जमा भी करवाए गए थे जिसके बाद नेशनल हाईवे विभाग के अधिकारीयों द्वारा पीएसटीसीएल के पैनलबद्ध ठेकेदार से 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों को आगे किया गया था।

पीएसटीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि अब नेशनल हाईवे द्वारा ही पीएपी फ्लाईओवर को नई रूपरेखा देकर उसे चौड़ा किया जा रहा है, जिसके चलते 28/06/2021 को जालंधर एसडीएम 1 के कार्यालय में मीटिंग आयोजित की गयी थी। इसमें नेशनल हाईवे की तरफ से साइट इंजीनियर ऋषभ और पीएसटीसीएल से इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी नवचेतन सिंह भी मौजूद थे जिसमें 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों को आगे करने के लिए सहमति बनी। जिस पर नेशनल हाईवे को पत्र जारी करके 2,51,140 पीएसटीसीएल विभाग द्वारा की जाने वाली देखरेख के चार्जेज जमा करवाने के लिए कहा गया है जो नेशनल हाईवे द्वारा 05/07/2021 को जमा करवा दिए गए हैं। पीएसटीसीएल द्वारा डिटेल्ड सर्वे के लिए 13/07/2021 को टेंडर प्रकाशित किए गए हैं और जल्द ही नेशनल हाईवे द्वारा पीएपी फ्लाईओवर को चौड़ा करने हेतु काम शुरू किया जा सकेगा। जिक्रयोग्य है कि पीएपी चौंक फ्लाईओवर जो पिछले कई सालों से लंबित पड़ा था खुलने के कुछ दिन बाद ही दुर्घटना होने के कारण बंद करना पड़ा था जिससे शहर से अमृतसर की तरफ जाने के लिए लोगों को रामा मंडी फ्लाईओवर के नीचे से घूम कर आना पड़ रहा है और वहीं वाहन चालकों को वितीय नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। अब देखने वाली बात है कि पीएपी फ्लाईओवर की सालों से चली आ रही समस्या का समाधान कर संबंधित विभाग कब तक शहरवासियों व राहगीरों को राहत दिलवाएगा।

**जनता को उम्मीद...**

### नेशनल हाईवे द्वारा किए जा रहे कार्य

नेशनल हाईवे विभाग

पीएपी फ्लाईओवर को नई रूपरेखा देकर उसे चौड़ा किया जा रहा है, जिसके चलते 28/06/2021 को एसडीएम 1 के कार्यालय में मीटिंग आयोजित की गयी थी। इसमें नेशनल हाईवे की तरफ से साइट इंजीनियर ऋषभ और पीएसटीसीएल से इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी नवचेतन सिंह भी मौजूद थे जिसमें 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों को आगे करने के लिए सहमति बनी। जिस पर नेशनल हाईवे को पत्र जारी करके 2,51,140 पीएसटीसीएल विभाग द्वारा की जाने वाली देखरेख के चार्जेज जमा करवाने के लिए कहा गया है जो नेशनल हाईवे द्वारा 05/07/2021 को जमा करवा दिए गए हैं।


सरकारी उलझनों के कारण फिर लंबित पड़ सकता है पीएपी चौंक फ्लाईओवर को चौड़ा करने का काम

सत्ताधारी सरकार को हो सकता है इसका नुकसान...
प्रशासन को जनता से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देनी चाहिए...
विधानसभा चुनाव को अब कुछ ही महीने बाकी...

• (1) 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनें जिसे आगे किया जाना है। (2) फ्लाईओवर को चौड़ा करने संबंधी लंबित पड़ा कार्य जो बंद पड़ा है। (3) जालंधर पीएपी चौंक फ्लाईओवर। -फोटो : रवि

• जालंधर ब्रीज. विशेष रिपोर्टर

नेशनल हाईवे विभाग

लम्बे समय से सुर्खियों में चले आ रहे पीएपी चौंक फ्लाईओवर को चौड़ा करने हेतु काम का टेंडर प्रकिया खत्म होने के बाद फरीदाबाद की कंपनी को आवंटित किया गया है जिसके ... लिमिटेड (पीएसटीसीएल) को पत्र जारी करके मौके पर मौजूद 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों को आगे करने के लिए उनके द्वारा ऐस्टीमेट मांगा गया है।

इस पर पीएसटीसीएल के सहायक इंजीनियर द्वारा साइट का दौरा करने के बाद अपने उच्च अधिकारियों को ... वे) उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा नेशनल हाईवे विभाग द्वारा जुबानी कहा गया है कि उनके पास एक कंपनी है जो इन ट्रांसमिशन लाइनों को मोनोपोल स्ट्रक्चर के साथ आगे कर सकती है। जिस कारण अधिकारियों द्वारा अब पटियाला स्थित पंजाब स्टेट ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ... कार्यालय को आवश्यक कार्रवाई के लिए आगे निर्देश जारी किए जाएं। जिस पर अभी विभाग द्वारा अपनी कोई राय नहीं दी गई है।

जिक्र योग्य है कि पीएपी फ्लाईओवर के बंद होने के कारण जालंधर शहर से अमृतसर को जाने वाले व्हीकल्स को रामा मंडी ... लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए अधिक समय लग रहा है। वहीं वाहन चालकों को वितीय नुकसान भी हो रहा है।

गौरतलब है कि पीएपी चौंक फ्लाईओवर जो पिछले दस सालों से लंबित पड़ा था खुलने के अगले ही दिन वाहनों के दुर्घटना होने के कारण ... विभाग द्वारा इसे उच्च प्राथमिकता से मिनिस्ट्री से मंजूर करवाया गया।

अब जब पंजाब में विधानसभा चुनाव को भी कुछ महीनों का समय रह गया है। अगर इन ट्रांसमिशन को तय समय पर आगे करके फ्लाईओवर चौड़ा करने का निर्माण नहीं शुरू करवाया गया तो लोगों द्वारा अपना ...

जालंधर ब्रीज के पिछले अंक में प्रकाशित खबर की कटिंग

# ट्रेवल एंड टूरिज्म : घूमिये-घूमाइये और करियर बनाइये

**अगर आपको घूमना-फिरना पसंद है और आप लोगों से मिलना-जुलना पसंद करते हैं। ट्रैवल टूरिज्म आपके लिए अच्छा विकल्प है। इसमें एक तो आप पूरी दुनिया घूम सकते हैं साथ में लोगों के ट्रैवलिंग को खुशनुमा बनाकर खूब पैसे भी कमा सकते हैं। बहुत से लोगों ने इसे अपना करियर बनाया है और आज न सिर्फ अच्छी इंकम को इंजाय करते हैं बल्कि उनका अच्छा-खासा बिजनेस व नाम है...तो आइए जानते इस करियर के बारे में...**








• **जालंधर ब्रीज.** स्पेशल स्टोरी

किसी ने सच ही कहा है कि अगर जिंदगी को अच्छे से समझना है तो अपना सामान बांधिए और घूमने निकल जाइये। वैसे आपको बता दें कि हमारे पूर्वज आदिमानव घूमक्कड़ ही हुआ करते थे और वे खाने और जीने के लिए दुनिया की सैर किया करते है। फिर बाद में जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हुआ वैसे-वैसे इंसानों ने एक ही जगह रहना शुरू कर दिया। लेकिन आज समय बदल गया है अब इंसान रहना तो एक ही जगह चाहता है लेकिन घूमना पूरी दुनिया चाहता है।

आज घूमना और घूमाना एक बेहतरीन करियर ऑप्शन बन गया है। हर साल दुनिया के करोड़ो लोग दुनिया के कई हिस्सों में घूमने जाते है। अगर आपको भी घूमने और घूमाने को शौक है तो ट्रेवल और टूरिज्म आपके लिए बेहतरीन करियर ऑप्शन हो सकता है। इसलिए इस क्षेत्र में आने वाले समय में जॉब्स के कई अवसर उपलब्ध होंगे। इंनक्रेडिबल इंडिया कैंपेन ने पूरी दुनिया का ध्यान भारत की तरफ खींचा है। जिस वजह से दुनिया का हर आदमी भारत दर्शन पर आना चाहता है।

### कैसे आ सकते है इस फिल्ड में

अगर आप भी घूमने और घूमाने के शौकिन है तो आपके लिए ये एक बेहतरीन करियर ऑप्शन हो सकता है। इस फिल्ड में आने के लिए आपकी किसी भी फॉरेन लैंग्वेज या फिर अंग्रेजी भाषा पर कमांड होना जरूरी है। साथ ही आपकी कम्यूनिकेशन स्किल भी अच्छी होना चाहिए। जल्दी से अनजान लोगों के बीच घूल-मिल जाना और उनसे दोस्ती कर लेना आपके नेचर में शामिल होना जरूरी है। साथ ही आपको ट्रेवल और जियोग्राफी पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए। इतिहास, कल्चर, आर्किटेक्चर आदि का नॉलेज होना भी जरूरी है।

### कौन-कौन से कोर्स कर सकते है

अगर आप ट्रेवल और टूरिज्म में करियर बनाना चाहते है तो आप 12वीं या ग्रेजुएशन के बाद कोई भी कोर्स कर सकते है। 12वीं के बाद इस फिल्ड में तीन साल की डिग्री कर सकते है जैसे बीए, बीबीए, बीएचटीएम, बीएससी आदि कर सकते है। वहीं ग्रेजुएशन के बाद टूरिज्म में एमए, एमबीए, आदि के प्रोग्राम किए जा सकते है। इसके अलावा इस फिल्ड में 6 महीने का सर्टिफिकेट कोर्स और 1 साल का पीजी डिप्लोमा भी किया जा सकता है। यहां से कर सकते है कोर्स- -इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, नई दिल्ली -गार्डन सिटी कॉलेज, बैंगलुरू -इंस्टिट्यूट ऑफ लॉजिस्टिक्स एंड एविएशन मैनेजमेंट, मुंबई -एकेडमी ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, टूरिज्म एंड रिसर्च, बैंगलुरू

### कोर्स करने के बाद यहां मिलेगी नौकरी

प्रोफेशनल कोर्स करने के बाद आप ट्रेवल एजेंसी या ट्रेवल कंपनी में इंटर्नशिप करके एक्सपीरियंस गेन कर सकते हैं। आजकल कई ट्रेवल कंपनियां जैसे मेक माय ट्रिप, आईबीबो डॉट कॉम, यात्रा डॉट कॉम आ गई है आप इनमें से किसी एक में ट्रेनिंग ले सकते है। हालाँकि शुरूआत में आपको ज्यादा पैसे नही मिलते है लेकिन थोड़े एक्सपीरियंस के बाद आपको इन्ही कंपनियों में रिक्रूट कर लिया जाता है। इस फिल्ड में कुछ सालों के एक्सपीरियंस के बाद आप खुद की ट्रेवल एजेंसी भी शुरू कर सकते है। इतनी सैलरी मिल सकती है- इस फिल्ड में प्रोफेशनल कोर्स करने के बाद शुरूआती तौर पर आप 15 से 20 हजार रूपये महीने तक कमा सकते है। इसके बाद थोड़ा एक्सपीरियंस बढ़ने, जियोग्राफी की समझ, फॉरेन लैंग्वेज पर कमांड के बाद आप 30 से 35 हजार रूपये महीना आसानी से कमा सकते है।

### पार्ट टाईम भी कर सकते है काम

ऐसे लोग जो कई जगहों पर अच्छे से घूमे-फिरे है और उनको डेस्टिनेशंस की अच्छी नॉलेज है और साथ ही बेहतरीन कम्यूनिकेशन स्किल है वो लोग इस फिल्ड में पार्ट टाईम के रूप में काम करके अच्छा पैसा कमा सकते है।

### जॉब प्रोफाइल

जो लोग ट्रेवल और टूरिज्म में काम करते है उन लोगों को ट्रेवल से संबंधित कई काम करने होते है जैसे, ट्रेवल प्लानर, टूर प्लानर, गॉइड, जैसे काम के साथ ही आपको क्लाइंट जिस जगह पर घूमने जा रहा है वहां का मौसम कैसा है, वहां रुकने के लिए क्या इंतजाम रहेगा, वहां पर घूमने के कौन-कौन से स्पॉट है, टिकिट बुकिंग, होटल बुकिंग और टैक्सी बुकिंग जैसे काम करने होते है।

## चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए लगाएं अंडे और चीनी का फेस पैक

• **जालंधर ब्रीज.** ब्यूटी एक्सपर्ट



चेहरे के अनचाहे बालों से छुटकारा पाने के लिए महिलाएं पार्लर में वैक्सिंग और थ्रेडिंग करवाती हैं। इस दौरान उन्हें दर्द सहना पड़ता है। आप इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए घरेलू उपाय अपना सकती हैं। चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए महिलाएं पार्लर में वैक्सिग और थ्रेडिंग कराती हैं। लेकिन इस प्रक्रिया के दौरान उन्हें दर्द से गुजरना पड़ता है। चेहरे के बाल अधिक नाजुक होते हैं। आप त्वचा के अनचाहे बालों से छुटकारा पाने के लिए घरेलू उपाय अपना सकती हैं। जी हां, आपने एकदम सही पढ़ा है। आप चेहरे के अनचाहे बालों से छुटकारा पाने के लिए इन घरेलू उपायों को अपना सकती हैं।

**अंडे का फेस पैक |** चेहरे के बालों को हटाने के लिए सबसे अच्छा तरीक अंडे का फेस मास्क है। अंडे की सफेद जर्दी त्वचा में एक्सफोलिएटर की तर ह काम करता है। इसके अलावा चेहरे के बालों को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके लिए आपको एक कटोरी अंडे में सफेद हिस्सा और आरारोट मिलाना है। इस पेस्ट को तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहर पर लगाने के बाद सर्कुलर मोशन में मसाज करें। करीब 15 से 20 मिनट के अंदर इसे लगाएं रखें और बाद में पानी से धो लें। ये एक घरेलू नुस्खा है जो चेहरे के बालों को हटाने में मदद करता है। बेहतर परिणाम पाने के लिए हफ्ते में एक बार इस पेस्ट का इस्तेमाल करें।

**अंडा और चीनी |** चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए अंडे और चीनी का मास्क काफी कारगर माना जाता है। इसके लिए एक कटोरी में चीनी और अंडे को मिलाकर एक पेस्ट तैयार करना है। इस फेस मास्क को चेहरे पर लगाएं और करीब 10 से 15 मिनट के लिए छोड़ दें और बाद में पानी से धो लें।

**चीनी है फायदेमंद |** चीनी त्वचा की समस्या से छुटकारा दिलाने में बहुत फायदेमंद होता है। अगर आप इसमें नींबू का रस मिलाते हैं तो अधिक फायदा मिलेगा। आप चीनी का इस्तेमाल फैस पैक में कर सकते हैं। ये त्वचा को ब्राइट और ग्लोइंग बनाने में मदद करता है। इसके लिए आपको 2 चम्मच चीनी और 2 चम्मच नींबू का रस और 2 -4 बूंदे पानी मिलाएं। इस मिश्रण को कॉटन बॉल की मदद से लगाएं और करीब 15 से 20 मिनट के लिए छोड़ दें और बाद में हल्के गर्म पानी से धो लें।

घर पर वैक्सीन भी बनाने क लिए एक चम्मच शहद और 2 चम्मच चीनी मिलाएं और एक चम्मच पानी डालना है। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और कॉनट की स्ट्रिप से खींच कर बालों को निकाल लें।

## समझिए सोलर प्लांट की पूरी ABCD, कैसे खत्म हो सकता है बिजली बिल का झंझट?

***अगर आप भी हर महीने आने वाले बिजली के बिल से परेशान हैं तो आप अपने घर पर सोलर पैनल लगवा सकते हैं। इस सोलर पैनल के जरिए आप ना सिर्फ अपने घर का बिजली बिल माफ करवा सकते हैं बल्कि इससे कुछ पैसा कमा भी सकते हैं।***

• **जालंधर ब्रीज.** टेक्निकल एक्सपर्ट




आपने सुना होगा कि सोलर प्लांट के जरिए बिजली का बिल खत्म किया जा सकता है। जी हां, आप घर पर सोलर प्लांट लगाकर ना सिर्फ बिजली के बिल से मुक्ति पा सकते हैं बल्कि इससे कमाई भी कर सकते हैं। कई लोग चाहते हैं कि वो भी अपने घर पर सोलर प्लांट लगवा लें ताकि उन्हें भी बिजली के बिल से छुटकारा मिल सके। ऐसे में आज हम आपको बता रहे हैं कि कितनी तरह के सैलर प्लांट होते हैं और इसे लगाने में कितना खर्चा आता है और किस तरह से आप पैसे बचा सकते हैं।

सोलर प्लांट तीन तरीके के होते हैं। एक होता है ऑन ग्रिड प्लांट और एक होता है ऑफ ग्रिड प्लांट और एक होता है हाइब्रिड प्लांट। ऑन ग्रिड प्लांट वो होता है, जिसमें हम बैट्री नहीं लगाते हैं और यह सीधे बिजली निभाग से कनेक्ट होता है। इसमें जितनी बिजली बनती है वो सीधे बिजली विभाग को होती है और सारी एक्सट्रा बिजली सरकार को मिल जाती है। ऑफ ग्रिड प्लांट में खास बात ये होती है कि इसमें बैट्री भी लगी होती है और यह पहले आपको बैकअप के लिए बिजली स्टोर करता है। हाइब्रिड प्लांट की खास बात ये है कि पहले ये बैकअप बनाता है और बिजली सप्लाई भी करता है। ये ऑफ और ऑन प्लांट का मिक्स होता है।

**कौनसा लगवाना है बेहतर?**

अगर आपके घर के इलाके में ज्यादा बिजली की कटौती नहीं होती है तो ऑन ग्रिड प्लांट लगाया जा सकता है और ज्यादातर लोग ये ही लगाते हैं। इसकी खास बात ये होती है कि इसमें आपको कोई भी मेनटिनेंस कोस्ट नहीं लगती है। इसमें जो भी पैनल लगते हैं, उनकी कुछ सालों की वारंटी होती है। इस वजह से आमतौर पर ये ही लगाया जाता है।

**किलोवॉट के हिसाब से ये है गणित?**

वैसे तो यह आपके घर में इस्तेमाल होने वाली बिजली या बिजली खर्च पर निर्भर करता है। वैसे माना जाता है कि अगर आपके घर में 1000 रुपये के बिजली का बिल आ रहा है तो आपको 1 किलोवाट का प्लांट पर्याप्त है। अगर मान लीजिए आपके घर में 10 हजार का बिल आ रहा है तो आपको 10 किलोवाट का प्लांट लगवाना चाहिए। (यह अनुमान राजस्थान के बिजली बिल के आधार पर तय किया गया है)।

**कितना आता है खर्चा?**

खर्चा आपके प्लेट्स और वॉट पर निर्भर करता है कि आप कितना बड़ा प्लांट लगवाना चाहते हैं। जैसे मान लीजिए अगर आप 20 प्लेट का सोलर सिस्टम लगवाते हैं और इससे करीब 6।5 किलोवॉट बिजली बनती है। इसके खर्चे के बात करें तो मान सकते हैं कि इसमें 3 से साढ़े 3 लाख का खर्चा होता है। 10 किलोवॉट के प्लांट के लिए आपको 3 लाख 80 या 4 लाख रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। वहीं, अगर आप कम वॉट लगवाते हैं तो आपको उसके हिसाब से पैसे खर्च करने पड़ेंगे। 5 किलोवॉट के लिए आपको ढ़ाई लाख रुपये तक खर्च करने पड़ेंगे।

**बिजली विभाग से क्या होता है संबंध?**

एक बार सोलर पैनल लगाने पर आप अपने घर पर बिजली बनाते हैं और अगर आपके घर में ज्यादा बिजली बन रही है और आप उतनी बिजली का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो ग्रिड की ओर से आपको पैसे दिए जाते हैं।

## अब ड्रोन बनेगा मोटी कमाई का जरिया, बिजनेस से लेकर नौकरी वाले कर पाएंगे अच्छी कमाई

• **जालंधर ब्रीज.** टेक्निकल एक्सपर्ट

ड्रोन की अब आवश्यकता बढ़ रही है। डिजास्टर मैनेजमेंट, सिक्योरिटी, मीडिया, एग्रीकल्चर, बिजनेस, शूट, होम डिलिवरी, खिलौने के लिए काम हो रहा है। ऐसे में भारत में भी ड्रोन का मार्केट काफी बढ़ने वाला है।

अब पुलिस से लेकर सामान डिलिवर करने वाली कंपनियों तक ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। ड्रोन के बढ़ते इस्तेमाल के साथ व्यापार के अवसर भी काफी बढ़ने वाले हैं। साथ ही कई रिपोर्ट में सामने आया है कि ड्रोन का मार्केट भी लगातार बढ़ रहा है। भारत में बढ़ रहे ड्रोन और काउंटर ड्रोन मार्केट से लगातार व्यापार और कमाई के अवसर भी बढ़ने वाले हैं। ऐसे में जानते हैं कि किस तरह से ड्रोन का व्यापार बढ़ सकता है।

ड्रोन की अब आवश्यकता बढ़ रही है। डिजास्टर मैनेजमेंट, सिक्योरिटी, मीडिया, एग्रीकल्चर, बिजनेस, शूट, होम डिलिवरी, खिलौनों में लगातार ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है। अगर बीआईएस रिसर्च की बात करें तो ड्रोन का ग्लोबल मार्केट 28 बिलियन डॉलर का है। अब माना जा रहा है कि 8.45 फीसदी तक इसमें बढ़ोतरी हो सकती है और एशिया महाद्वीप में इसकी ज्यादा बढ़ोतरी होगी , जिसमें भारत का भी अहम योगदान होगा।



**भारत में ड्रोन मार्केट का हाल?**

रिपोर्ट्स के अनुसार, अभी भारत का ग्लोबल मार्केट में 4.25 फीसदी तक हिस्सेदारी है और भारत काफी ज्यादा आयात भी कर रहा है। रिसर्च में सामने आया है कि साल 2021 के आखिरी तक भारत का ड्रोन मार्केट 1.21 बिलियन डॉलर तक बढ़ सकता है। वहीं, फिक्की का कहना है कि भारत का ड्रोन और काउंटर ड्रोन मार्केट का व्यापार साल 2030 तक 40 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। ऐसे में माना जा सकता है कि आने वाले वक्त में भारत में ड्रोन का व्यापार काफी हद तक आगे बढ़ने वाला है।

बताया जा रहा है कि ड्रोन के नए नियमों की वजह से ऐसा देखा जा रहा है और भारत में सिविल यूज बढ़ने वाले हैं। हाल ही में कई नियमों में बदलाव किया गया है और पहले के हिसाब से नियमों में डील दी गई है और परमिशन आदि की समस्याओं को कम किया गया है, इससे सिविल यूज बढ़ने वाला है।

**कैसे बढ़ेंगे कमाई के अवसर?**

दरअसल, अब ड्रोन का इस्तेमाल काफी बढ़ने वाला है। इसकी वजह से इसके प्रोडक्शन से लेकर सेल तक इजाफा होगा, जिससे कई लोगों के लिए कमाई के अवसर खुलेंगे। साथ ही सिविल यूज बढ़ने के साथ ही ड्रोन ऑपरेटर्स की मांग भी बढ़ने वाली है, जिससे ऑपरेटर्स अच्छा पैसा कमा पाएंगे। साथ ही ड्रोन को लेकर काम कर रही एजेंसियों के पास भी व्यापार के कई अवसर खुल जाएंगे। इससे कई तरह से लोग पैसे कमा पाएंगे।

**ड्रोन कोर्स कर कमा सकते हैं पैसे?**

ड्रोन का कोर्स करके भी लोग अच्छा पैसा कमा सकते हैं। पिछले कुछ दिनों में कई लोगों ने ड्रोन ऑपरेट करने का कोर्स किया है, जिसके बाद से जहां भी ड्रोन की आवश्यकता पड़ती है, वहां से उन्हें अच्छी कमाई हो जाती है। खास बात ये है कि अब ड्रोन का इस्तेमाल काफी ज्यादा बढ़ रहा है, जिसकी वजह से ड्रोन ऑपरेटर्स की भी डिमांड भी लगातार बढ़ती जा रही है।

## यूटीलिटी न्यूज

# पेट्रोल भरने की रफ्तार से भी ज्यादा जल्दी चार्ज होगी अब आपकी इलेक्ट्रिक कार, इस कंपनी का दावा




**नई दिल्ली.** इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री में फास्ट चार्जिंग तकनीक कोई नई बात नहीं है। कई इलेक्ट्रिक कारें और दोपहिया वाहन अब फास्ट चार्जिंग तकनीक के साथ आते हैं। यह बैटरी ऑनबोर्ड को कम समय में जल्दी चार्ज करने के लिए जाना जाता है। हालांकि, चीनी ईवी निर्माता जीएसी एआईओएन कुछ ऐसा दावा कर रहा है जिसे लाइटनिंग-फास्ट चार्जिंग कहा जा रहा है और कई लोग इसपर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। ईवी निर्माता का दावा है कि इसकी नई चार्जिंग तकनीक एक ईवी को उतने समय में चार्ज कर देगा जितना समय गाड़ी में पेट्रोल या डीजल भरने में लगता है।

ईवी कंपनी का दावा है कि उसकी अपकमिंग एआईओएन वी ईवी इसी तकनीक के साथ आएगी। कंपनी ये भी कह रही है कि इससे सुपर-फास्ट चार्जिंग बैटरी को नुकसान नहीं पहुंचेगा। जीएसी एआईओएन की 3सी फास्ट चार्जिंग के बारे में दावा किया गया है कि यह ईवीएस को 16 मिनट में 0-80% और 10 मिनट में 30-80% चार्ज कर देता है।

जीएसी एआईओएन ने दावा किया कि उसने एक स्केलेबल ग्राफीन बैटरी सिस्टम विकसित किया है। इलेक्ट्रिक गाड़ियों के जरिए इस्तेमाल की जाने वाली वर्तमान ली-आयन बैटरी की तुलना ये बैटरी तकनीक सुपरफास्ट चार्ज करती है। स्केलेबल ग्राफीन बैटरी को एक बार चार्ज करने पर 1,000 किमी से रेंज देने का दावा किया जा रहा है। इसके आधार पर, जीएसी एआईओएन ने पहले दावा किया था कि उसकी एआईओएन एस ईवी अपनी टॉप रेंज के साथ टेस्ला को मात देने में सक्षम होगी।

हालांकि, ईवी कंपनी के इस तरह के दावे को कई लोगों ने झांसा बताया है। बैटरी विशेषज्ञों के अनुसार, ईवी में इस्तेमाल के लिए स्केलेबल ग्रेफीन बैटरी अभी भी कुछ साल दूर हैं। सॉलिड-स्टेट बैटरियां भी विकास की प्रक्रिया में हैं। दुनिया भर के कई वाहन निर्माता इस तकनीक पर काम कर रहे हैं। सॉलिड-स्टेट बैटरियों के बारे में दावा किया जाता है कि वे बेहतर एनर्जी डेंसिटी के साथ आती हैं जो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बेहतर रेंज और चारजिंग टाइम को बेहतरीन बनाती हैं।

एआईओएन, गुआनगझुअ ऑटोमोबाइल कॉर्पोरेशन (जीएसी) समूह के स्वामित्व वाला एक उप बैंड है। ऑटो निर्माता केवल इलेक्ट्रिक वाहनों पर ध्यान केंद्रित करता है। इसने अब तक चीनी बाजार में चार इलेक्ट्रिक वाहन लॉन्च किए हैं।

# इस ऐप के वीडियो कॉल में अब एक साथ जुड़ सकते हैं 1000 लोग, कंपनी ने कहा- दुनिया के सभी लोगों को जोड़ने की है प्लानिंग



*वॉट्सऐप की प्राइवेसी पॉलिसी के बाद टेलीग्राम ने कई यूजर्स को अपने साथ जोड़ा है. ऐस में ये ऐप धीरे धीरे यूजर्स को कई नए फीचर्स दे रहा है।*

**नई दिल्ली.** लोकप्रिय मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम ने नए फीचर्स के एक सीरीज की घोषणा की है। नए डेवलपमेंट के अनुसार, टेलीग्राम अब एक ग्रुप वीडियो कॉल में अधिकतम 1000 लोगों को शामिल होने देगा और यूजर्स को वीडियो मैसेज भेजने की भी अनुमति देगा. इतना ही नहीं, टेलीग्राम ने अब सभी वीडियो कॉल के लिए साउंड के साथ स्क्रीन शेयरिंग का सपोर्ट दिया है, जिसमें वन ऑन वन कॉल के साथ और भी बहुत कुछ है।

जब से वॉट्सऐप अपनी नई कंफ्यूजिंग प्राइवेसी पॉलिसी के लिए जांच के दायरे में आया है, टेलीग्राम ने यूजर्स में तेजी देखी है। अधिकांश वॉट्सऐप यूजर्स द्वारा टेलीग्राम और अन्य मैसेजिंग ऐप सिग्नल को सुरक्षित माना गया।

टेलीग्राम ने कहा कि वह इस लिमिट को तब तक बढ़ाना चाहता है जब तक कि पृथ्वी पर सभी इंसान एक ग्रुप कॉल में शामिल नहीं हो जाते।



इसलिए, कंपनी ने लगभग 1000 यूजर्स को वीडियो कॉल में शामिल होने की अनुमति दी है, जबकि 30 यूजर्स अपने कैमरे और स्क्रीन दोनों से वीडियो ब्रॉडकास्ट कर सकते हैं. यह फीचर कई यूजर्स के साथ ऑनलाइन लेक्चर, सेमिनार और यहां तक कि ऑनलाइन संगीत कार्यक्रमों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगा।

**वीडियो मैसेज :** टेलीग्राम ने अपने वीडियो मैसेज फीचर को अपडेट कर दिया है। टेलीग्राम का कहना है कि वीडियो मैसेज आपकी गैलरी में कोई अन्य वीडियो जोड़े बिना चेक इन करने या अपने आसपास की चीजों को शेयर करने का एक तेज तरीका है। आप बस अपने चैट बॉक्स में रिकॉर्डिंग बटन पर टैप कर सकते हैं और इसे अपने कॉन्टेक्ट्स को भेज सकते हैं। वीडियो आपकी गैलरी में सेव नहीं होगा।

**बदल सकते हैं वीडियो प्लेबैक स्पीड :** अब आप टेलीग्राम के माध्यम से आपको भेजे गए वीडियो की प्लेबैक स्पीड को बदल सकते हैं। ऐप पर मौजूद मीडिया प्लेयर अब 0.5एक्स, 1.5एक्स और 2एक्स प्लेबैक स्पीड को सपोर्ट करता है। तो इसका इस्तेमाल कॉल को फास्ट-फॉरवर्ड करने या धीमे स्पीड में वीडियो देखने के लिए किया जा सकता है।

वीडियो प्लेबैक स्पीड बदलने के लिए, फुल स्क्रीन पर वीडियो देखते समय एंड्रॉइड पर तीन डॉट्स या आईओएस पर तीन हॉरिजॉन्टल डॉट्स पर टैप करें. एंड्रॉइड यूजर्स 0.5एक्स, 1एक्स, 1.5एक्स और 2एक्स प्लेबैक स्पीड के बीच स्विच करने के लिए साउंड या वीडियो मैसेज चलाते समय 2एक्स बटन को दबाकर भी रख सकते हैं।

# जेफ बेजोस को झटका! यूएस सरकार बोली- एलन मस्क की स्पेस एक्स को 'मून मिशन' का कॉन्ट्रैक्ट दिया जाना सही

- **अमेरिकी सरकार के अकाउंटेबिलिटी ऑफिस ने कहा है कि जेफ बेजोस द्वारा 'एस्ट्रोनोट लूनर लैंडर' कॉन्ट्रैक्ट दिया जाना गलत नहीं है।**



**अमेरिकी** सरकार के अकाउंटेबिलिटी ऑफिस ने गत दिनों इस बात का खंडन किया कि नासा ने गलत तरीके से एलन मस्क की स्पेसएक्स को 'एस्ट्रोनोट लूनर लैंडर' का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। दरअसल, अमेजन के मालिक जेफ बेजोस से जुड़ी कंपनियों ने स्पेसएक्स को कॉन्ट्रैक्ट दिए जाने का विरोध जताया था। अमेरिकी सरकार के सामने जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन और लीडोस की सब्सिडियरी डायनेटिक्स ने शिकायत दर्ज कराई थी।

अकाउंटेबिलिटी ऑफिस के प्रबंध सहयोगी जनरल काउंसलर केनेथ पैटन ने एक बयान में लिखा, नासा ने खरीद कानून या विनियमन का उल्लंघन नहीं किया। नासा ने सिर्फ एक कॉन्ट्रैक्ट देकर कोई नियम नहीं तोड़ा है। तीनों प्रस्तावों का मूल्यांकन उचित था और लागू खरीद कानून, विनियमन और घोषणा की शर्तों के मुताबिक था। अकाउंटेबिलिटी ऑफिस के फैसले से अमेरिकी स्पेस एजेंसी के फैसले का समर्थन किया है। नासा ने अप्रैल में एक आश्चर्यजनक घोषणा करते हुए कहा कि ये स्पेसएक्स को 2.9 बिलियन डॉलर का कॉन्ट्रैक्ट दे रहा है। इसके बाद से ही विवाद शुरू हो गया।

**क्यों जारी हुआ एक कॉन्ट्रैक्ट :** स्पेसएक्स 'एस्ट्रोनोट लूनर लैंडर' कॉन्ट्रैक्ट के लिए ब्लू ओरिजन और डायनेटिक्स के साथ प्रतिस्पर्धा में था। माना जा रहा था कि नासा दो कॉन्ट्रैक्ट जारी करेगी, लेकिन अमेरिकी कांग्रेस ने प्रोग्राम के लिए कम पैसे आवंटित किए। यही वजह थी कि फिर नासा ने एक ही कॉन्ट्रैक्ट जारी किया। ब्लू ओरिजिन के एक प्रवक्ता ने सीएनबीसी को बताया कि कंपनी अभी भी मानती है कि नासा के फैसले के साथ मूलभूत मुद्दे थे। लेकिन अकाउंटेबिलिटी ऑफिस उनके सीमित अधिकार क्षेत्र के कारण इन मुद्दे को संबोधित करने में सक्षम नहीं रहा है। वहीं, स्पेसएक्स और डायनेटिक्स ने अभी तक इस फैसले को लेकर कुछ नहीं कहा है।

**नासा ने क्या कहा?**

नासा ने एक बयान में कहा कि अकाउंटेबिलिटी ऑफिस का निर्णय एजेंसी को 50 से अधिक सालों बाद चंद्रमा पर पहली क्रू लैंडिंग के लिए एक समयरेखा स्थापित करने की अनुमति देगा। अमेरिकी स्पेस एजेंसी ने कहा, जितनी जल्दी हो सके नासा आर्टेमिस, मानव लैंडिंग सिस्टम और मानवता की चंद्रमा पर वापसी के लिए आगे के रास्ते पर एक अपडेट प्रदान करेगा। हम अमेरिकी वाणिज्यिक भागीदारों के साथ चांद पर अमेरिका की वापसी के लिए एक मजबूत और टिकाऊ दृष्टिकोण के लिए वित्त पोषण सुनिश्चित करने के लिए बाइडेन प्रशासन और कांग्रेस के साथ काम करना जारी रखेगी।

## जियोफोन यूजर्स के लिए एक के साथ एक मुफ्त ऑफर

रिलायंस जियो विशेष रूप से जियो फोन यूजर्स के लिए बेमिसाल ऑफर प्रीपेड प्लान पेश कर रहा है। रिलायंस जियोफोन के सभी प्लान्स पर बाय 1 गेट 1 फ्री ऑफर मिल रहा है। इसका मतलब है कि अगर आप जियोफोन यूजर हैं तो आपको सभी प्लान्स पर डबल बेनिफिट्स मिलेंगे। रिलायंस ने कहा है कि जियोफोन यूजर्स के जरिए रिचार्ज किए गए हर जियोफोन प्लान के लिए, उन्हें उसी मूल्य का एक अतिरिक्त रिचार्ज प्लान मुफ्त में मिलेगा। यह ऑफर काफी समय से चालू है और यह केवल जियोफोन रिचार्ज पर लागू है। जियो अपने छह प्रीपेड प्लान्स पर एक के साथ एक ऑफर दे रहा है।



बाय वन ऑफर 39 रुपये, 69 रुपये, 75 रुपये, 125 रुपये, 155 रुपये और 185 रुपये के रिचार्ज प्लान पर लागू है। 39 रुपये का रिचार्ज प्लान अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग, प्रति दिन 100एमबी डेटा और 14 दिनों की वैधता के साथ आता है। प्लान में मुफ्त एसएमएस शामिल नहीं है। अगर आप इस प्लान को अभी खरीदते हैं, तो आपको 200एमबी डेटा मिलेगा क्योंकि बाय वन गेट वन ऑफर है। 69 रुपये का प्रीपेड प्लान अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग, प्रति दिन 0.5 जीबी डेटा और 14 दिनों की वैधता के साथ आता है। प्लान में मुफ्त एसएमएस शामिल नहीं है। अगर आप इस प्लान को अभी खरीदते हैं, तो आपको प्रति डेटा 1 जीबी डेटा मिलेगा। 75 रुपये के प्रीपेड प्लान में अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग 3जीबी डेटा मिलता है और यह 28 दिनों की वैधता के साथ आता है। बाय वन गेट वन में आपको 6जीबी डेटा मिलेगा।

## आमिर खान को जम्मू-कश्मीर से हुआ प्यार

# उपराज्यपाल से मुलाकात कर इस विषय पर की खास बातचीत




**बॉलीवुड** के बेहतरीन एक्टर आमिर खान इन दिनों अपनी अगली रिलीज को तैयार फिल्म लाल सिंह चड्ढा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। जहां एक्टर इन दिनों कारगिल में अपनी इस फिल्म के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग कर रहे हैं वहीं एक्टर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से खास मुलाकात की। इस मुलाकात की खास तस्वीर को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल के आधिकारिक अकाउंट से ट्वीट किया गया है।

उपराज्यपाल के दफ्तर से किए गए इस ट्वीट में लिखा है कि "मनोज सिन्हा जी ने मशहूर फिल्म अभिनेता आमिर खान और उनकी पूर्व पत्नी किरण राव से मुलाकात की। जहां सभी ने मिलकर जम्मू-कश्मीर के लिए नई फिल्म निति बनाने को लेकर कई देर तक बात की। इस निति को बहुत जल्द रिलीज किया जाएगा, इस चर्चा के दौरान बॉलीवुड में जम्मू-कश्मीर के गौरव को पुनर्जीवित करने और इसे एक पसंदीदा फिल्म शूटिंग गंतव्य बनाने पर भी बातें हुईं।"

पोस्ट की गई तस्वीर में आमिर खान, मनोज सिन्हा और किरण राव नजर आ रहे हैं। आपको बता दें, आमिर खान यहां मई महीने से शूटिंग कर रहे हैं। जहां अब इस फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है जिस वजह से आमिर खान अब कुछ ही दिन यहां बिताकर वापस मुंबई के लिए रवाना हो जाएंगे। आमिर खान ने अपनी पूरी टीम के साथ कारगिल के वाखा गांव के पास शूटिंग की है।

आपको बता दें कि आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा 1994 की अमेरिकी कॉमेडी-ड्रामा 'फॉरेस्ट गंप' से प्रेरित है. हाल ही में मशहूर तेलुगु एक्टर नागा चैतन्य ने इस फिल्म की टीम को शूटिंग के लिए ज्वाइन किया है। एक्टर इस फिल्म में आमिर खान के साथ नजर आने वाले हैं। नागा चैतन्य इस फिल्म के साथ बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाले हैं। इस फिल्म में हमें करीना कपूर खान भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन कर रहे हैं।

## 'तानाशाह' किम जोंग उन की बहन ने दक्षिण कोरिया को चेताया, कहा- रिश्ते सुधारने के लिए ठीक नहीं है अमेरिका संग सैन्य अभ्यास



**उत्तर कोरिया** के तानाशाह किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने एक बार फिर दक्षिण कोरिया को चेतावनी दे डाली है। किम यो जोंग ने कहा कि अगर दक्षिण कोरिया अमेरिका के साथ मिलकर सैन्य अभ्यास करता है तो ये दोनों कोरिया के रिश्तों को ठीक करने की पहल को नुकसान पहुंचाएगा।

किम यो जोंग ने यह भी कहा कि दोनों कोरिया के बीच हॉटलाइन को बहाल करने के हालिया फैसले को भौतिक संबंधों को फिर से जोड़ने के अलावा और कुछ नहीं देखा जाना चाहिए। एक बयान में किम यो जोंग ने कहा, हमारी सरकार और सेना इस पर कड़ी नजर रखेगी कि क्या दक्षिण कोरियाई आक्रामक युद्ध अभ्यास करते हैं या कोई बड़ा फैसला लेते हैं। आशा या निराशा? यह हमारे ऊपर नहीं है। उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब उत्तर और दक्षिण कोरिया संबंधों को बहाल करने के प्रयासों के तहत एक शिखर सम्मेलन आयोजित करने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

**दक्षिण कोरिया ने अपने समर्थन में कही ये बात :** वहीं, दक्षिण कोरिया ने कहा कि वह प्रतिद्वंद्वी उत्तर कोरिया के साथ रिश्तों में सुधार और बातचीत शुरू करने की कोशिश जारी रखेगा।

# बड़ी खबर : अब और सरकारी बैंकों का नहीं होगा मर्जर, सरकार ने संसद में दी जानकारी



**नई दिल्ली.** वित्त राज्यमंत्री ने आज सदन में कहा कि फिलहाल सरकारी बैंकों के मर्जर की सरकार की कोई योजना नहीं है। इसको लेकर किसी तरह का कोई प्रस्ताव भी दिया गया है। दो बैंकों का निजीकरण किया जाएगा इसकी घोषणा पहले ही बजट 2021 में की जा चुकी है. इसके अलावा वित्त राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि फिलहाल किसान लोन को माफ करने को लेकर भी किसी तरह की योजना नहीं है। किसान लोन में वह लोन भी शामिल है जो एस/एसटी किसानों बांटा गया है।

1 फरवरी 2021 को बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दो बैंकों और एक सरकारी इंश्योरेंस कंपनी के निजीकरण का ऐलान किया था। सरकार ने चालू वित्त वर्ष यानी 2021-22 के लिए विनिवेश और निजीकरण का लक्ष्य 1.75 लाख करोड़ रुपए रखा है। नीति आयोग को निजीकरण के लिए सलेक्शन का काम सौंपा गया है। वर्तमान जानकारी के मुताबिक, इंडियन ओवरसीज बैंक और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का चयन निजीकरण के लिए किया गया है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

**मोदी सरकार ने कब-कब किया बैंकों का मर्जर :** केंद्र की मोदी सरकार ने दो अलग-अलग चरण में सरकारी बैंकों की हालत में सुधार के लिए बैंक बैंक एकत्रीकरण की प्रक्रिया अपनाई। 2019 में 10 सरकारी बैंकों का मर्जर किया गया था। इसके तहत छह कमजोर बैंकों का मर्जर चार बड़े बैंकों में किया गया था। पंजाब नेशनल बैंक में ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का मर्जर किया गया। इलाहाबाद बैंक का मर्जर इंडियन बैंक में किया गया। सिंडीकेट बैंक का मर्जर केनरा बैंक में किया गया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में आंध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक का मर्जर किया गया था।

**पहले चरण में एसबीआई में मर्जर :** पहले चरण में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में पांच एसोसिएट बैंक्स का मर्जर किया गया। इसके अलावा विजया बैंक और देना बैंक का मर्जर बैंक ऑफ बड़ौदा में किया गया था। इस समय देश में सार्वजनिक क्षेत्र के कुल 12 बैंक हैं।

# लीबिया : मरा नहीं बल्कि जिंदा है 'खून की नदियां' बहाने की धमकी देने वाला तानाशाह गद्दाफी का बेटा, सालों बाद दुनिया के सामने आया

**जब भी दुनिया के क्रूर तानाशाहों का नाम लिया जाता है, तब मुअम्मर अल गद्दाफी का जिक्र जरूर होता है। अब गद्दाफी का बेटा छह साल तक गायब रहने के बाद एक बार फिर दुनिया के सामने आ गया है।**



**उत्तर** अफ्रीकी देश लीबिया के तानाशाह मुअम्मर अल गद्दाफी का बेटा सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी छह साल तक गायब रहने के बाद एक बार फिर दुनिया के सामने आ गया है। इसके साथ ही उसने घोषणा कर दी है कि वह राजनीति में वापसी करेगा और लीबिया पर नियंत्रण हासिल कर लेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स को इंटरव्यू देते हुए उसने कहा कि वह अपने पिता की मौत के बाद दशकों तक चले संघर्ष के बाद इस देश में एकता लाना चाहता है। हालांकि सैफ ने राष्ट्रपति पद के लिए खड़े होने से इनकार कर दिया है।

49 साल के सैफ को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने मानवता के खिलाफ हुए अपराधों को लेकर अब भी वॉन्टिड घोषित किया हुआ है और उसे साल 2015 में लीबिया की अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। उसका कहना है कि मौत की सजा दिए जाने के बावजूद उसके पास स्थानीय लोगों का समर्थन है। वह कई सालों तक गायब था, इसलिए ऐसा भी कहा जाने लगा कि शायद वो अब मर गया है। सैफ गद्दाफी उत्तर अफ्रीकी देश के पश्चिम में स्थित जिटान के एक दो मंजिला मकान में रहता है। 2011 में मुअम्मर गद्दाफी की मौत से पहले सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को ही देश का अगला शासक माना जा रहा था।

**पिता के अपराधों के लिए माफी मांगने से किया इनकार :** इंटरव्यू में सैफ ने कहा कि उसके पिता की मौत के बाद से राजनेताओं ने लीबिया को केवल दुख दिए हैं। उसने कहा, 'मैं बीते 10 साल से लीबिया के लोगों से दूर हूं। आपको धीरे-धीरे आगे आना होता है आपको उनके दिमाग से थोड़ा खेलना होता है।' अपने पिता के शासनकाल में हुए अत्यारों के लिए भी उसने माफी मांगने से इनकार कर दिया। साथ ही दावा करते हुए कहा कि अधिकांश लीबियाई अब सोचते हैं कि सरकार को विद्रोहियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाना चाहिए। उसने कहा, 'लीबिया में जो हुआ वह क्रांति नहीं थी। आप उसे ग्रह युद्ध कह सकते हैं। वह कोई क्रांति नहीं है।'

**गद्दाफी ने जीवन के अंत तक किए अत्याचार :** सैफ अल-इस्लाम-मुअम्मर गद्दाफी का दूसरा बेटा है। मुअम्मर गद्दाफी ने 1969 से लेकर 2011 में अपनी क्रूर मौत तक लीबिया पर शासन किया था। वहीं सैफ ने त्रिपोली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने से पहले विएना से एमबीए किया है और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पीएचडी की है। उसकी शिक्षा को देखकर लोगों को ऐसी उम्मीद थी कि वह देश में सुधार लाएगा। हालांकि उसकी छवि उस वक्त खराब हो गई, जब उसने 2011 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में सरकार की कार्रवाई का समर्थन किया और क्रांति को नहीं टालने पर 'खून की नदियां' बहाने की चेतावनी दी। लीबिया में हुए विरोध प्रदर्शन भी अरब स्प्रिंग का हिस्सा थे। ऐसा अनुमान है कि लीबिया के गृहयुद्ध में 25,000 नागरिक और सैनिक मारे गए हैं।

# जाली जाति प्रमाणपत्रों की जांच के लिए 3 सदस्यीय टीम गठित

## असली अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्तियों का छीना जा रहा अधिकार

**चंडीगढ़.** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग द्वारा जाली जाति प्रमाणपत्रों संबंधी प्राप्त हो रही शिकायतों के मद्देनज़र जाली प्रमाणपत्रों की जांच करने के लिए 3 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इस संबंधी जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग तेजिन्दर कौर ने बताया कि आयोग के पास बड़े स्तर पर शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि पंजाब राज्य में सामान्य वर्ग के लोगों द्वारा आरक्षण पॉलिसी का उल्लंघन करते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं का जाली प्रमाणपत्र के आधार पर लाभ लेकर असली अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्तियों का अधिकार छीना जा रहा है।

इस संबंधी कार्यवाही करने के लिए डायरेक्टर सामाजिक न्याय अधिकारिता और अल्पसंख्यक विभाग को भेजी गई परंतु विभाग को इस संबंधी की गई कार्यवाही बारे कोई भी रिपोर्ट आयोग को प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने यह भी बताया कि बहुत से सामान्य वर्ग के व्यक्तियों द्वारा जाली प्रमाणपत्र के आधार पर अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित नौकरियाँ भी हासिल कर ली गई हैं। जिनके बारे में भी उक्त विभाग द्वारा भेजी गई शिकायतों पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। तेजिन्दर कौर ने कहा कि इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए एक 3 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है जिसमें अनुसूचित जाति आयोग के ग़ैर-सरकारी सदस्य ज्ञान चंद, प्रभदयाल और परमजीत कौर को शामिल किया गया है। जिस ज़िले से शिकायत प्राप्त होगी उस ज़िले का इंचार्ज ग़ैर-सरकारी सदस्य भी इस समिति का सदस्य होगा। यह समिति कार्यवाही हेतु पंजाब सरकार को सिफारिश करेगी।

## सैनिक इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नालॉजी में दाख़िला शुरू

**जालंधर.** ज़िला रक्षा सेवाएं भलाई दफ़्तर जालंधर में चल रहे पंजाब सरकार से प्रमाणित सैनिक इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टैकनालॉजी, जालंधर में एम.एस.सी. (आई.टी.), बी.एस.सी. (आई.टी.) और पी.जी.डी.सी.ए. कोर्स के लिए दाख़िले शुरू हो गए है। इंस्टीट्यूट के डायरैक्टर -कम -ज़िला रक्षा सेवाएं भलाई अधिकारी, जालंधर कर्नल दलविन्दर सिंह (रिटा.) ने बताया कि यहाँ बच्चों को पेशेवर और कंप्यूटर डिगरी कोर्स का प्रशिक्षण दे कर रोज़गार के योग्य बनाया जा रहा है।

## दो पिस्टल व पांच जिंदा रौंद समेत दो काबू

• जालंधर ब्रीज.रिपोर्टर



आईपीएस कमिश्नर पुलिस जालंधर गुरप्रीत सिंह भुल्लर के दिशा-निर्देश पर चलाई गई मुहिम के तहत स्पेशल ऑपरेशन यूनिट कमिश्नर जालंधर की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बर्लटन पार्क नजदीक डीएवी पुल के नीचे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक पिस्टल 32 बोर देसी समेत तीन जिंदा कारतूस व एक पिस्टल 315 बोर देसी समेत दो जिंदा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान लवप्रीत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह मोहल्ला शिवनगर नजदीक नागरा फाटक व हरजिंदर सिंह उर्फ मनी वालिया पुत्र प्यारा सिंह वासी नजदीक सरोवर बाबा बकाला जिला अमृतसर हाल वासी किराएदार और आरए प्रॉपर्टी डीलर मोहल्ला शहीद उधम सिंह नगर जालंधर थाना रामा मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा नंबर 102 तिथी 03.08.2021 अधीन 25/54/59 आर्म ऐक्ट के तहत थाना डिवीजन नंबर 1 में दर्ज किया है।

# कच्चे कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी बस स्टैंड बंद कर दिया धरना



**जालंधर ब्रीज.** ठेका कर्मचारी संघर्ष मोर्चा (पंजाब) ने सभी विभागों के अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर 3 व 4 अगस्त को दो दिन का सामूहिक अवकाश लिया और अपने-अपने विभागों के दफ्तरों के सामने काम का बहिष्कार किया। ठेका मजदूर यूनियन पंजाब और पीआरटीसी के कच्चे कर्मचारियों ने संघर्ष के तहत आज दूसरे दिन भी सभी शहरों में बस स्टैंड बंद कर धरना-प्रदर्शन किया। जालंधर बस स्टैंड पर बलविंदर सिंह रथ राज्य नेता, ठेका कर्मचारी संघर्ष मोर्चा गुरप्रीत सिंह भुल्लर, डिपो अध्यक्ष सतपाल सिंह, 7वें सचिव चानन सिंह, दलजीत सिंह ने कैप्टन सरकार पर आरोप लगाया कि वह अपने वायदों के कारण सत्ता में आई थी पर पूरे नहीं किये। उन्होंने चितावनी दी कि कैप्टन सरकार के मंत्रियों व विधायकों का गांवों और कस्बों में आगमन पर काले झंडों से स्वागत होगा।

# ब्लूमिंग किड्स प्ले स्कूल में तीज का त्यौहार मनाया

• जालंधर ब्रीज.रिपोर्टर



ब्लूमिंग किड्स प्ले स्कूल तारा सिंह एवेन्यू में आज तीज का त्यौहार मनाया गया। जिसमें सभी बच्चों की माताओं ने तीज बड़ी धूमधाम से मनाई। सभी बच्चों की माताओं ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया और सावन के गीत गाए। कई माताओं ने तीज के त्यौहार पर कवितायें भी सुनाई। इस त्योहार पर मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 73 की पार्षद चरणजीत कौर संघा स्कूल में पधारी। उन्होंने सभी नृत्य व गीतों का पूर्व आनंद उठाया और विजेताओं को सम्मानित भी किया। स्कूल की मुख्य अध्यापिका प्रीति शर्मा ने तीज के त्यौहार का महत्व भी बताया और बताया कि यह सावन के महीने में मनाया जाता है। इस अवसर पर बच्चों ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर स्कूल की अध्यापिकाएं पूजा, दिव्या और दीपिका भी उपस्थित रही।

SPORTS PLANET स्पोर्ट्स प्लेनेट

# लवलीना का ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा, राष्ट्रपति-पीएम समेत पूरे देश से मिल रही बधाई



**दिल्ली.** मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन टोक्यो ओलंपिक में अपने मेडल का रंग बदलने से चूक गईं। 69 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में लवलीना को तुर्की की मौजूदा विश्व चैंपियन बुसेनाज सुरमेनेली ने 5-0 से हराया।

असम की 23 वर्षीय लवलीना को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ेगा। हालांकि, ओलिंपिक के इतिहास में भारत को मेडल दिलाने वाली लवलीना ओवरऑल तीसरी जबकि दूसरी महिला बॉक्सर हैं। इसके साथ ही देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत देश की कई हस्तियों ने लवलीना को बधाई दी है।

**पीएम मोदी ने लवलीना की मेहनत को सराहा :** पीएम मोदी ने ट्वीट किया, 'खूब लड़ीं लवलीना! बॉक्सिग रिंग में उनकी सफलता कई भारतीयों को प्रेरित करती है। उनकी दृढ़ता और दृढ़ संकल्प सराहनीय हैं। ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर उन्हें बधाई। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'

**आपने कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय से देश का गौरवांवित किया : राष्ट्रपति :** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी ट्वीट किया, 'लवलीना बोरगोहेन को बधाई! आपने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय से देश को गौरवान्वित किया है। ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी में आपका कांस्य पदक युवाओं, विशेषकर युवा महिलाओं को चुनौतियों से लड़ने और अपने सपनों को हकीकत में बदलने के लिए प्रेरित करेगा।'

**आपका प्रदर्शन हमारे युवाओं को प्रेरित करेगा: अमित शाह :** देश के गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, 'आप एक चैंपियन की तरह लड़े लवलीना बोरगोहेन। आपकी कड़ी मेहनत और देश के लिए बेहतर प्रदर्शन करने का जुनून निश्चित रूप से हमारे युवाओं को प्रेरित करेगा। टोक्यो ओपंलिक में कांस्य पदक जीतने पर आपको मेरी तरफ से हार्दिक बधाई।

**राहुल गांधी ने दी बधाई :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन को बधाई! आपने देश को गौरवान्वित किया है।

**राजनाथ सिंह ने दी बधाई :** वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, 'लवलीना बोरगोहेन द्वारा शानदार प्रदर्शन, ओलंपिक में महिला बॉक्सिग प्रतियोगिता को लेकर सभी देशवासियों के लिए बहुत ही गर्व का क्षण रहा। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक के लिए उन्हें बधाई।'

**असम के इतिहास में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाएगा लवलीना का नाम :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया, 'ओलंपिक बॉक्सिग में देश को कांस्य पदक दिलाने के लिए असम की बेटी लवलीना बोरगोहेन को बधाई। आपका नाम असम के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में अंकित हो जाएगा। आपकी अभूतपूर्व उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है।'


# डिजिटल मीडिया के लिए नैतिक संहिता, सही दिशा में एक कदम : राजीव रंजन रॉय

**जालंधर.** यह सुनिश्चित करना सबसे महत्वपूर्ण है कि डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म अपनी सतत प्रगति के लिए नैतिक संहिता का पालन करें और जन संचार के परिदृश्य में अपनी प्रासंगिकता और भव्यता को बनाए रखें। नैतिक संहिता भी पारदर्शिता के उच्चतम स्तर को कायम रखते हुए सूचना को समग्र रूप से प्रसारित करने की उनकी प्रतिबद्धता का एक अभिन्न अंग है। व्यावसायिकदक्षता के अनुसरण में, नैतिकता का पालन कमजोर नहीं होना चाहिए। डिजिटल मीडिया याकिसी भी अन्य व्यावसायिकसंचार माध्यमका लक्ष्यलोगों को न केवल कल्याणकारी योजनाओं और सरकार के सकारात्मक उपायों के बारे में जागरूक करना है, बल्कि एक लचीले औरसमावेशी भारत के निर्माण में हितधारकों के रूप में उनकी भूमिका के बारे में शिक्षित करनाभी एक बड़ी भूमिका है।

जैसे-जैसे डिजिटल मीडिया काकई तरीकों और रूपों मेंविस्तार होता है, यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता स्वाभाविक हो जाती है कि वे नैतिकता के सिद्धांत का पालन करें ताकि लोगों को बिना तोड़े मरोड़े पूर्ण तथ्यों के साथ सशक्त बनाने के बुनियादी उद्देश्य की प्राप्तिहो।ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म और डिजिटल समाचार प्रकाशकों के लिए डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड नागरिक को शिकायत निवारण तंत्र के बिंदु में रखता है। सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 न केवल निवारण तंत्र को संस्थागत रूप देकर और उनकी शिकायतों के समाधान को सुनिश्चित करके सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाता है बल्कि सभी डिजिटल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्मों को समान अवसर प्रदान करता है।

डिजिटल मीडिया से संबंधित उपयोगकर्ताओं की पारदर्शिता, जवाबदेही और अधिकारों की कमी के बारे में बढ़ती चिंताओं के बीच डिजिटल मीडिया के लिए आचार संहिता और त्रि-स्तरीय स्व-नियमन एक स्वागत योग्य कदम है। जनता और हितधारकों के साथ विस्तृत परामर्श के बाद, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 87 (2) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए और पूर्व सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश) नियम 2011 के निवर्तन में सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 का गठन किया गया।

# भारतीय पहलवान रवि दहिया ने सिल्वर मेडल किया पक्का, अब खेलेंगे फाइनल




**टोक्यो.** टोक्यो ओलिंपिक की रेसलिंग मैट भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने फाइनल में जगह बनाते हुए भारत के लिए एक और मेडल पक्का कर दिया है। अब ये मेडल सिल्वर होगा या गोल्ड ये अभी साफ होना बाकी है। रवि दहिया ने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के पहलवान को हराया। वो सुशील कुमार के बाद रेसलिंग के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पहलवान हैं।

पुरुषों के 57 केजी कैटेगरी में रवि कुमार दहिया का सेमीफाइनल मुकाबला कजाकिस्तान के पहलवान नूरीसलाम के खिलाफ बड़ा ही जबरदस्त हुआ। दो रेसलर के बीच 6-6 मिनट के दो राउंड हुए. पहले राउंड में लीड बनाने के बाद भारतीय पहलवान रवि कुमार अचानक ही कजाकिस्तान के पहलवान नूरीसलाम के फितले दांव की चपेट में आ गए। नतीजा ये हुआ कि वो 7 पॉइंट से पिछड़ गए।

**आखिरी के 50 सेकेंड में पलटी बाजी :** फाइनल में जीत वाला दांव लगाने के लिए अब भारत के रवि दहिया के पास वक्त कम था और काम उन्हें बहुत बड़ा करना था। उन्होंने आखिरी के 50 सेकेंड में उस बड़े काम को अंजाम दिया और कजाकिस्तान के नूरसलाम को हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। इसी के साथ रवि कुमार ने सिल्वर मेडल पर भी अपना दावा पक्का कर लिया।

# विराट कोहली ने माना, कोविड-19 के दौर में खेल से ब्रेक जरूरी!




**नॉटिंघम.** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली का मानना है कि कोविड-19 महामारी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की कठिन बायो-बबल (जैव-सुरक्षित माहौल) जीवन से अगर खिलाड़ी 'समय-समय पर ब्रेक (छुट्टी)' नहीं लेते हैं, तो जल्द ही ऐसा समय आ सकता है जब तनाव के कारण गुणवत्ता का कोई भी क्रिकेटर नहीं बचेगा। कोहली ने बायो-बबल की जिंदगी को मुश्किल भरा करार देते हुए कहा कि अन्य क्रिकेटरों को भी बेन स्टोक्स जैसा रास्ता अपनाना शुरू करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। इंग्लैंड का यह हरफनमौला खिलाड़ी भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से हट गया है। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को खेले जाने वाले शुरुआती टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, " ये ब्रेक मेरे लिए भी खुद को तरोताजा कर वापस आने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

कप्तानी करना और टीम की जिम्मेदारी निभाना तनावपूर्ण हो सकता है। इसके अलावा अगर आप लंबे समय तक एक बबल के अंदर है तो चीजें और भी मुश्किल हो जाती हैं। ऐसे में समय-समय पर ब्रेक लेना जरूरी है।" भारतीय कप्तान चाहते है कि इस खेल का संचालन करने वाले इस मसले पर ध्यान दे ताकि बबल की थकान के कारण क्रिकेट का स्तर प्रभावित होगा। उन्होंने कहा, " अगर आपके पास खिलाड़ी खेलने के लिए नहीं बचे तो क्रिकेट की गुणवत्ता को बनाए रखना मुश्किल होगी। जैसे उसने (स्टोक्स) ब्रेक लिया है, भविष्य में और खिलाड़ी भी ऐसा कर सकते हैं। खिलाड़ी किसी न किसी स्तर पर बायो-बबल की जिंदगी से थक सकते हैं।"

कोहली ने इस मौके पर तोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बधाई भी दी। भारत के लिए भारोत्तोलक मीराबाई चानू (रजत पदक) और पीवी सिंधू (कांस्य पदक) ने इस ओलंपिक में पदक हासिल जबकि लवलीना बोरगोहेन का मुक्केबाजी में पदक पक्का है। कोहली ने कहा, " जब हम डरहम में थे, तब हम सभी इसका (ओलंपिक) अनुसरण कर रहे थे, नाश्ते की जगह पर बड़ी स्क्रीन और टीवी पर हम इसका लुत्फ उठाते थे। जब वे (भारतीय खिलाड़ी) अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, तब हम सभी उत्सुकता से देख रहे थे।

वीर गाथा

# भगत सिंह की आवाज़



लेखिका
**राधा**

आजादी का दीवाना था
मैं था शूरवीर बलवान।
भारत को आजाद करवाना
था मेरा यह स्वप्न महान।
सुखदेव और राजगुरु यह दोनों
भी थे वीर बलवान
थामने चले थे जो संग मेरे
आज़ादी की तीर- कमान।
संग तीनों ने मिलकर हमने
फैलाया था ऐसा सैलाब
फिरंगियों को नाकामयाब करने
आया था हर तरफ इंकलाब।
युग बदला अब बदले आचार
आज़ाद भारत के नए विचार।
कोई ना समझे हमारे प्रयास
यह देख मन हुआ उदास
यह देख मन हुआ उदास
उठो देशवासियो, उठो हिंद
वासियों
सुनो मेरी आवाज़ करो तुम
नव आगाज़।
करो शपथ न भ्रष्टाचार
बढ़ाओगे , न अंधविश्वास
फैलाओगे।
बस सच्चाई और ईमान
का दामन थाम आगे बढ़ते
जाओगे।बस आगे ही बढ़ते
जाओगे...
बनाओगे एक ऐसा जहान
बस प्रेम और विश्वास का हो
आलम वहां।
गर मेरी आवाज़ को तुम
दबाओगे
तो स्वच्छंदता अपनी तुम
गंवाओगे।।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.